गैर-सरकारी और सरकारी एजेंसियों पर भारत पर्यटन विकास निगम की बकाया राशि

*40. चौधरी हीर सिंह :
श्री अजीत जोगी : } क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गैर-सरकारी/सरकारी एजेंसियों और अन्य व्यक्तियों पर वर्ष 1988 से भारत पर्यटन विकास निगम की कुल कितनी राशि बकाया है; और

(ख) इस बकाया राशि की वसूली के लिए क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) आवश्यक सूचना संलग्न विवरण में दी गई है (नीचे देखिये)

(ख) बकाया राशि की वसूली करना एक सतत प्रक्रिया है जिसमें बकाया राशि की समय-समय पर समीक्षा करना, स्मरण-पत्रों द्वारा नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई करना, व्यक्तिगत संपर्क करना और जरूरी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करना, आदि शामिल है।

विवरण

वित्तीय वर्ष 1987-88 से 1991-92 की समाप्ति पर भारत पर्यटन विकास निगम की सरकारी/गैर-सरकारी अभिकरणों तथा अन्यों की तरफ बकाया राशि का विवरण

(रु० करोड़ों में)

श्रेणी	1987-88	1988-89	1989-90	1990-91	1991-92
1. सरकार	9.43	12.95	15.50	14.55	16.49
2. प्राइवेट पार्टियां	1.69	1.90	1.40	2.61	2.91
3. लाइसेंसधारक	0.86	1.10	1.36	1.72	2.48
4. यात्रा-अभिकर्ता	4.28	5.02	6.22	5.43	7.12
5. कार्ड धारक	0.43	0.63	0.68	0.64	0.71
6. अन्य	1.12	1.25	1.91	1.42	1.37
जोड़	17.81	22.85	27.07	26.37	31.08

टिप्पणी : वर्ष 1992-93 के खातों को अन्तिम रूप दिया जाना है।

Aviation policy permitting foreign airlines in domestic sector

70. SHRI RAMACHANDRAN PILLAI; Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state ;

(a) whether there are any contradictions in the aviation policy in the matter of permitting foreign airlines equity tie ups in domestic sector;

(b) what is the detailed account of the proposals received from such operators alongwith Government reaction thereon; and

(c) whether such operations in domestic sector will adversely affect Air India, Indian Airlines and the Vayudoot and if so; the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SUKFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER) ; (a) At present, foreign equity participation is not admissible in domestic air taxi operation.